दिनांक 28.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने सभी जोन आयुक्त , स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2019 को प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर भिलाई में ''विशेष स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर'' का आयोजन किया जाना है। शिविर में लगभग 500 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी, जिनके स्वास्थ्य उपचार , जांच परीक्षण के लिए पर्याप्त चिकित्सक , स्वास्थ्य टीकाकरण टीम, दवाईयां सहित उपलब्ध कराने कहा है।

इस अवसर पर निजी अस्पतालों के चिकित्सक समूह भी उपस्थित रहकर सहयोग करेंगे।

उक्त शिविर में स्थानीय सामाजिक संगठन, निजी चिकित्सालय की संयुक्त टीम की सहभागिता रहेगी। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसाली, शासकीय चिकित्सालय सुपेला के स्वास्थ्य टीम की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी